nt>

**Title:** *hNeed to develop 'Badi Ki Dhar' area near Shimla in Himachal Pradesh as a tourist resort.

**कर्नल (सेवानिवृत्त) डॉ.धनी राम शांडिल्य (शिमला) :** अध्यक्ष महोदय, शिमला से लगभग 80 किलोमीटर की दूरी पर स्थित 'बाड़ी की धार' एक अत्यन्त सुन्दर स्थान है और प्रदेश राजमार्ग इसके निकट से गुजरता है। वन सम्पदा से भरपूर यहां के घने जंगल में नाना प्रकार के पशु-पक्षी प्राकृतिक सौन्दर्य में स्वच्छन्द रूप से ि वचरण करते हैं, जिनमें चीता, बाघ, हिरण व मोनाल प्रमुख रूप से पाये जाते हैं। ऐसी मान्यता है कि पाण्डवों के अज्ञातवास का अन्तिम वर्ा उन्होंने इसी स्थल के घने जंगल व पर्वत की कन्दराओं में बिताया था। इस प्राचीन आस्था की स्मृति को जागृत रखते हुए हर वर्ा इस मनोरम स्थल पर एक बड़े मेले का आयोजन किया जाता है, जिसमें पाण्डवों की शोभा यात्रा यहां एकत्रित अपार जनसमूह को एक भव्य आकर्ाण प्रस्तुत करता है। पर्यटन को बढ़ावा देने की दृटि से इस स्थल में अपार सम्भावनाएं हैं।

मेरा केन्द्रीय सरकार से अनुरोध है कि इस क्षेत्र में पर्यटन को विकसित करने के उद्देश्य से एक हैलीपैड व छोटी विमान पट्टी का निर्माण प्राथमिकता के आधार पर किया जाये। मैं माननीय पर्यटन मंत्री जी से अनुरोध करता हूं कि इस कार्य को पूर्ण करने हेतु एक केन्द्रीय सर्वेक्षण दल भेजा जाये।

**13.14 hours**

***The Lok Sabha then adjourned for Lunch till Fourteen of the Clock.***

__________